(deemed to be UNIVERSITY) JAIPUR

IISU Campus, Gurukul Marg,
SFS, Mansarovar, Jaipur 302020
INDIA

Tel : 91-141-2400160-161
Fax : 91-141-2395494

Web : www.iisuniv.ac.in
Email : iisuniversity@iisuniv.ac.in

# 5.3.3

# Additional Information

## (Newspapers Clipping)

# SAMACHAR JAGAT
## 29/02/2020



### आईआईएस में हुआ मॉडल मेकिंग कॉम्पीटिशन

जयपुर (कासं.)। भारतीय भौतिक विज्ञानी डॉ. सीवी रमन की ख़ोज 'द रमन इफेक्ट' को याद करते हुए आईआई एस यूनिवर्सिटी के विज्ञान विभाग की ओर से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर वुमन इन साइंस थीम पर पोस्टर व मॉडल मेंकिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसमें स्टूडेंट्स ने वर्किंग एवं नॉन वर्किंग मॉडल्स प्रस्तुत किए। इस कॉम्पीटिशन को जज किया एनआईपीजीआर, दिल्ली के डॉ. विनीत गौर और आईआईएस के रिद्ध सिंह ने। इसी दिवस पर विश्वविद्यालय में साइंस विभाग के डीन प्रोफेसर प्रदीप भटनागर ने मानव जीवन व धरती पर विज्ञान की महत्ता पर प्रकाश डाला। साथ ही छात्रों को विज्ञान से जुड़ी फिल्में भी दिखाई गईं।

# DAINIK BHASKAR
## 27/02/2020

# स्टूडेंट्स के साथ नॉवेल, बुक राइटिंग के टिप्स शेयर किए



**CAMPUS INSIDER**

सिटी रिपोर्टर . जयपुर

चैम्प रीडर्स एसोसिएशन और लीडिंग ट्रेल्स की ओर से आईआईएस डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी में क्रिएटिव सेशन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ऑथर्स ने स्टूडेंट्स को नॉवेल, कविताओं और बुक राइटिंग के टिप्स शेयर किए। ऑथर संहिता बरुआ ने कहा कि मैंने स्कूल और कॉलेज मैगजीन में लिखते हुए हमेशा जिंदगी को एक्सप्लोर किया, मेरे लिए लिखना जिंदगी को गहराई से पहचानना है।

लेखिका बरुआ ने बताया कि 10 साल की उम्र में कविताएं, शॉर्ट स्टोरी लिखने लग गई थी। देश के बड़े जर्नल्स और न्यूजपेपर्स के लिए कॉलम्स और आर्टिकल्स लिखना मेरे लिए गर्व की बात है। इस दौरान ब्लॉगर संहिता ने अपनी दूसरी बुक 'द आर्ट ऑफ़ लेट्टिंग गो' के अनुभव भी साझा किए।

RAJASTHAN PATRIKA
09/01/2020

एनुअल फेस्ट 'कॉसमॉस' के तहत हुआ कार्यक्रम

# कल्चरल फेस्ट में दिखाया जुनून







पत्रिका PLUS रिपोर्टर

जयपुर ◆ मानसरोवर स्थित एक विश्वविद्यालय में बुधवार को एनुअल फेस्ट 'कॉसमॉस' शुरू हुआ। इस तीन दिवसीय फेस्ट का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक गुप्ता ने किया। फेस्ट के पहले दिन कॉम्पोस मैंटिस, क्रिएटिव राईटिंग, वेबपेज डिजाइनिंग, मास्क पेंटिंग, सोलो डांस और फैशन स्टाइलिंग जैसी रोमांचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में 150 छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस एनुअल फेस्ट में हर साल की तरह छात्राओं का जोश चरम पर दिखा।

# SAMACHAR JAGAT
## 09/01/2020

# उमंग-उल्लास की बहती बयार में रंगारंग 'कॉसमॉस' शुरू






**जयपुर (कासं.)।** हालांकि बुधवार के पूरे दिन ठंडी हवाओं का जोर रहा, लेकिन इस हवा को अपने जोश और उत्साह से छात्राओं ने अपने कॉलेज ग्राउंड को गरमाए रखा। इस दिन मानसरोवर स्थित आईआईएस यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स ने अपना सालाना जलसा 'कॉसमॉस' मनाया। विभिन्न कल्चरल एक्टिविटीज से सजे इस तीन दिनी फेस्ट में शिरकत कर अच्छे कॉन्फिडेंस के साथ अपनी प्रतिभा दर्शाई। फेस्ट के शुरूआती दिन कॉम्पोसमैंटिस, क्रियेटिव राइटिंग, वैबपेज डिजाइनिंग, मास्क पेंटिंग, सोलो डांस, फैशन स्टाइलिंग आदि रौचक कॉम्पीटिशन से माहौल इंद्रधनुषी रंगों की छटाओं से आच्छादित हो गया। इन प्रतियोगिताओं में करीब 150 छात्राओं ने अपने फन का इजहार किया। इनमें कॉम्पोसमैंटिस में स्टूडेंट्स ने तस्वीरों को देखकर अपनी कल्पना को शब्दों में बांधा और काल्पनिक क्षमता को उजागर किया, वहीं क्रियेटिव राइटिंग में अपने लेखन कौशल को दिखाते हुए छात्राओं ने कविता, प्रोज आदि में अपनी भावनाओं को पिरोया। वैबपेज डिजाइनिंग की थीम रही, कलर्स ऑफ राजस्थान। इसमें प्रतिभागियों ने फोटो शॉप, एचटीएमएल, ड्रीमवीवर, फ्लेश आदि की मदद से वैबपेज डिजाइन किए। प्रतियोगिताओं की इसी कड़ी में फैशन स्टाइलिंग प्रतियोगिता की थीम 'देसी फिरंगी' में स्टूडेंट्स ने भारतीय परिधानों को पा?त्य पुट दे कर प्रदर्शित किया। फेस्ट में प्रतिभागियों ने सोलो डांस, मास्कपेंटिंग आदि में भी अपने हुनर को बखूबी दर्शाया। फेस्ट का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अशोक गुप्ता ने किया और सभी छात्राओं को उनके सुनहरे भविष्य की कामना करते शुभकामनाएं दी।

**DAINIK BHASKAR**
**09/01/2020**

# कॉसमॉस-2020 : हिपहॉप और फोक क्लासिकल का फ्यूजन



**सिटी रिपोर्टर** | मानसरोवर स्थित आईआईएस यूनिवर्सिटी में भी फेस्ट कॉसमॉस की शुरुआत हुई। खिली धूप में स्टूडेंट्स ने कॉसमॉस-2020 में संस्कृति के रंग बिखेरे। साथ ही सोशल मैसेज भी दिए। तीन दिवसीय फेस्ट का उद्घाटन कुलपति डॉ. अशोक गुप्ता ने किया। पहले दिन कॉम्पोसमैंटिस, क्रिएटिव राईटिंग, वेबपेज डिजाइनिंग, मास्क पेंटिंग, सोलो डांस, फैशन स्टाइलिंग जैसी रोचक एक्टिविटीज हुईं। प्रतियोगिताओं में करीब 150 स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। स्टूडेंट्स ने तस्वीरों को देखकर अपनी कल्पना को शब्दों में पिरोया तो क्रिएटिव राइटिंग में लेखन कौशल को दर्शाया। वहीं वेबपेज डिजाइनिंग कलर्स ऑफ राजस्थान थीम पर हुई व मास्क पेंटिंग कार्निवल व फ्यूजन थीम पर हुआ। सबसे मनोरंजक सैग्मेंट सोलो डांस में फ्रीस्टाइल, हिपहॉप, कन्टेम्परारी, फोक क्लासिकल व फ्यूजन रहा जिसमें स्टूडेंट्स ने कोरियोग्राफी में कई एक्सपेरिमेंट्स किए।

# PUNJAB KESARI
## 18 /12/2019

# टेनिस टूर्नामेंट की विजेता बनी गुजरात यूनिवर्सिटी

### वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी टेनिस महिला टूर्नामेंट सम्पन्न

पंजाब केसरी/जयपुर

आईआईएस डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय के फिजिकल विभाग की ओर से एवं एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज,नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी टेनिस महिला टूर्नामेंट 2019-20 का फाइनल मैच रोमांचक मोड़ पर पहुंचा। देर शाम करीब साढ़े चार घंटे चले इस मुकाबले में गुजरात विश्वविद्यालय, अहमदाबाद ने हेमचंद्राचार्य नॉर्थ गुजरात यूनिवर्सिटी, पाटन को कांटे की टक्कर देते हुए टूर्नामेंट जीत लिया। प्रतियोगिता में राजस्थान यूनिवर्सिटी दूसरे, एचएनजी यूनिवर्सिटी, पाटन ने तीसरे एवं वीएनएस गुजरात यूनिवर्सिटी, सूरत चौथे स्थान पर रही।

टूर्नामेंट के चौथे दिन एचएनजी, पाटन टीम का गुजरात युनिवर्सिटी के साथ हुए मुकाबले में गुजरात यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद ने 2-1 से एचएनजी को करारी शिकस्त देकर जीत दर्ज की। वहीं, अंतिम दिन का पहला मैच राजस्थान यूनिवर्सिटी एवं गुजरात यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद के बीच हुआ। जिसमें राजस्थान यूनिवर्सिटी ने गुजरात यूनिवर्सिटी को कांटे की टक्कर दी। लेकिन आखरी सेट में गुजरात यूनिवर्सिटी ने राजस्थान यूनिवर्सिटी को 2-1 से हराकर मैच जीत लिया।



प्रतियोगिता की विजेता गुजरात यूनिवर्सिटी की टीम विजेता ट्रॉफी के साथ।

दूसरे मैच में गुजरात यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद ने एचएनजीए पाटन को 2-1 से हराने के साथ ही तीनों मैच जीतते हुए पहले स्थान पर काबिज हुई। वहीं, दूसरे लीग मैच में बड़ी ही आसानी से एचएनजी, पाटन ने वीएनएस गुजरात यूनिवर्सिटी, सूरत को 2-0 के आसान सेटों से जीत लिया। वीएनएस गुजरात यूनिवर्सिटी, सूरत, राजस्थान यूनिवर्सिटी से हुए मुकाबले में 2-0 से हार गई।

प्रतियोगिता में वीएनएस गुजरात यूनिवर्सिटी, सूरत चौथे स्थान पर रही। राजस्थान यूनिवर्सिटी दो मैच जीत कर दूसरे स्थान पर काबिज हुई और एचएनजीए पाटन को तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। ये चारों टीमें 1 से 4 जनवरी 2020 को आइटीएम, ग्वालियर में होने वाले ऑल इंडिया टेनिस महिला टूर्नामेंट में वेस्ट जोन का प्रतिनिधित्व करेंगीं।

# गत विजेता श्रीगंगानगर को हरा जयपुर चैंपियन

### चार दिवसीय 43वीं राजस्थान राज्य सीनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न

पुरुष वर्ग में मेजबान जयपुर व महिला वर्ग में राज्य क्रीड़ा परिषद महिला हैंडबॉल अकादमी ने मंगलवार को सवाई मान सिंह स्टेडियम पर संपन्न चार दिवसीय 43वीं राजस्थान राज्य सीनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता में खिताब अपने नाम किए। पुरुष वर्ग के फाइनल में मेजबान जयपुर ने गत विजेता श्रीगंगानगर को 37-32 से हराया। मध्यांतर तक विजेता टीम 16-14 से बढ़त बनाए हुए थी। वहीं महिला वर्ग के खिताबी मुकाबले में राज्य क्रीड़ा परिषद् की महिला हैंडबॉल अकादमी ने चूरू को 18-14, 08-06 से हराकर अपना खिताब बरकरार रखा। पुरुष वर्ग में जयपुर हैंडबॉल अकादमी ने जय भवानी अकादमी को 29-25,15-11 से हराकर तीसरा स्थान पाया। महिला वर्ग में मेजबान जयपुर ने सीकर को 17-06,12-04 से हराकर कांस्य पदक जीता।

राज्य हैंडबॉल संघ के सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी जयपुर के लोकेंद्र सिंह रहे, जबकि महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी महिला हैंडबॉल अकादमी की रेखा रही। दोनों ही खिलाड़ियों को राज्य हैंडबॉल संघ के पूर्व अध्यक्ष हनुमान सिंह की स्मृति में 2100-2100 रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया।

समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि लोकसभा स्पीकर के विशेषाधिकारी राजीव दत्ता थे। जबकि अध्यक्षता राजस्थान हैंडबॉल संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ.सर्वेश शरण जोशी ने की। विशिष्ट अतिथि राजस्थान स्टेट डेंटल काउंसिल के अध्यक्ष डॉ.विकास जैफ न्यूरो सर्जन डॉ.मनीष अग्रवाल थे।

# DAILY NEWS
18/12/2019

## दूसरे स्थान पर रहा राजस्थान विवि



डेली न्यूज, जयपुर। आईआईएस डीम्ड टूबी विवि की ओर से आयोजित वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी टेनिस महिला टूर्नामेंट में गुजरात विश्वविद्यालय, अहमदाबाद ने हेमचंद्राचार्य नॉर्थ गुजरात यूनिवर्सिटीए पाटन को कांटे की टक्कर देते हुए खिताब अपने नाम कर लिया है। इसी के साथ ही राजस्थान यूनिवर्सिटी ने दूसरा, एचएनजी यूनिवर्सिटी, पाटन ने तीसरा एवं वीएनएस गुजरात यूनिवर्सिटीए सूरत ने चौथा स्थान प्राप्त किया।

RAJASTHAN PATRIKA

18/12/2019

# टेनिस महिला टूर्नामेंट का फाइनल मैच रहा रोमांचक



जयपुर ◆ वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी टेनिस महिला टूर्नामेंट 2019-20 का फाइनल मैच सोमवार को काफी रोमांचक रहा। आई आई एस डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय के फिजिकल विभाग की ओर से आयोजित मुकाबले में गुजरात विश्वविद्यालय ने हेमचंद्राचार्य नॉर्थ गुजरात यूनिवर्सिटी पाटन को कांटे की टक्कर देते हुए टूर्नामेंट जीत लिया। टूर्नामेंट के चौथे. दिन एचएनजी पाटन की टीम का गुजरात युनिवर्सिटी के साथ सामना हुआ, जिसमें गुजरात यूनिवर्सिटी ने 2.1 से एचएनजी को करारी शिकस्त दी। अंतिम दिन का पहला मैच राजस्थान यूनिवर्सिटी एवं गुजरात यूनिवर्सिटी के बीच हुआ, जिसमें राजस्थान यूनिवर्सिटी को 2.1 से हार का सामना करना पड़ा। दूसरे मैच में गुजरात यूनिवर्सिटी व एचएनजीए पाटन को 2.1 से हराने के साथ ही तीनों मैच जीतते हुए पहले स्थान पर काबिज हुई। इसके साथ ही वीएनएस गुजरात यूनिवर्सिटी सूरत चौथे स्थान पर,आरयू दो मैच जीत कर दूसरे स्थान पर और एचएनजी पाटन तीसरे स्थान पर रही।

# THE TIMES OF INDIA
## 18/12/2019

**CITY SPORT**

**Gujarat wins West-Zone Inter-Varsity tennis title:** Gujarat University knocked out Savitribai Phule Pune University to win West Zone Inter-University Tennis (Women) tournament at Jai Club here on Tuesday. Gujarat's Vaibhavi beat Savitribai's Meera 4-0, 4-2 in the first match. Aayushri maintained the winning spree of her side beating Shubhra of Pune 4-1, 4-0 to help Gujarat clinch the trophy 2-0.

SAMACHAR JAGAT
14/12/2019

# वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी टेनिस शुरू



**जयपुर (खेसं)।** तीसरा वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी टेनिस (महिला) टूर्नामेंट शुक्रवार को जय क्लब में समाप्त हो गया। टूर्नामेंट में पश्चिम क्षेत्र के विश्वविद्यालयों की 28 टीमें भाग ले रही है,जिसमें आई आई एस विश्वविद्यालय, मुंबई विश्वविद्यालय, राजस्थान विश्वविद्यालय, बनस्थली विद्यापीठ, एलएनआईपीई, ग्वालियर, शिवाजी विश्वविद्यालय कोल्हापुर, सौराष्ट्र विश्वविद्यालय, राजकोट और गुजरात टेक्नोलॉजिकल विश्वविद्यालय आदि विश्वविद्यालय की टीमें टूर्नामेंट में भाग ले रही हैं। शुरुआती दिन छह मैच खेले गए। पहला मैच एलएनआईपीई, ग्वालियर और एमएलएसयू, उदयपुर के बीच खेला गया, जिसमें एलएनआईपीई, ग्वालियर ने एमएलएसयू, उदयपुर को 2-0 से हराया। केबीसीएनएम, जलगाँव पुणे ने एमडीएस विश्वविद्यालय, अजमेर को 2-1, जीटीयू, अहमदाबाद ने बनस्थली विद्यापीठ को 2-0 से जबकि एमजीएस बीकानेर ने स्वर्णिम गुजरात खेल विश्वविद्यालय को 8-1 से हराया। इससे पहले, युवा मामले और खेल मंत्री, राजस्थान अशोक चंदना ने टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। आईआईएस विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अशोक गुप्ता ने चांदना का स्वागत किया। चंदना ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना संदेश देते हुए टूर्नामेंट के उद्घघाटन की घोषणा की।

**DAILY NEWS**
**13/12/2019**

# कुलपतियों की नियुक्ति बड़ी चुनौती, देश में नहीं है कोई फ्रेमवर्क: डॉ. गर्ग

## कुलपति मीट का हुआ समापन

डेली न्यूज

जयपुर ▷ 12 दिसंबर




विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति के लिए देश में एक भी फ्रेमवर्क नहीं है। उनकी नियुक्ति एक बड़ी चुनौती है, जिसका भारतीय विश्वविद्यालयों को वर्तमान में सामना करना पड़ रहा है। यह बात तकनीकी शिक्षा मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने आईआईएस सभागार में चल रही दो दिवसीय एआईयू वेस्ट जोन वाइस चांसलर्स मीट के समापन समारोह के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही।

डॉ. गर्ग ने कहा कि एआईयू को केंद्र सरकार को सुझाव देना चाहिए कि वीसी की योग्यता और नियुक्ति का तरीका बदलना चाहिए। विश्वविद्यालयों का मापदंड वीसी पर निर्भर होता है। कुलपतियों की नियुक्ति में जाति, धर्म और क्षेत्र के विभिन्न लॉबियों को दूर किया जाना चाहिए। डॉ. गर्ग ने छात्रों और फैकल्टीज के साथ बातचीत में अधिक से अधिक समय समर्पित करने के लिए वीसी से आग्रह किया। इस मौके पर उच्च और तकनीकी शिक्षा सचिव शुचि शर्मा ने कहा कि आज के समय में शिक्षा प्रणाली से मानवीय पहलू गायब है। शिक्षा पाठ्यक्रम को इस तरह विकसित किया जाना चाहिए कि इसमें मानवीय पहलू शामिल हो। उन्होंने यह भी कहा कि गांधी के ट्रस्टीशिप के विचार को भी पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। साथ ही स्टूडेंट्स के सुसाइड के मामलों को लेकर उन्होंने कहा कि एआईयू को परीक्षा और मूल्यांकन प्रणाली पर भी विचार-विमर्श करना चाहिए। वहीं, समापन भाषण में एआईयू की सेक्रेटरी जनरल डॉ. पंकज मित्तल ने कहा कि भारतीय विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में सुधार के लिए शिक्षा प्रणाली का अंतरराष्ट्रीयकरण महत्वपूर्ण है। हर विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीयकरण के लिए एक स्पष्ट कटौती नीति, रणनीति और रोडमैप होना चाहिए, जिसे विश्वविद्यालय के सिद्धांतों में शामिल किया जाना चाहिए।

**DAILY NEWS**
**12/12/2019**

# देश की प्रतिभा विदेशों में ना करे पलायन : कलराज मिश्र





## वाइस चांसलर्स मीट में रखे विचार

**डेली न्यूज, mix रिपोर्टर, जयपुर।** भारत में प्रतिभा की कहीं कमी नहीं है। हमारा देश विज्ञान, प्रौद्योगिकी अर्थशास्त्र साहित्य जैसे क्षेत्रों के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है। कुछ इसी तरह के विचार राज्यपाल कलराज मिश्र ने रखे। मौका था, ऑल इंडिया यूनिवर्सिटीज की ओर से वेस्ट जोन वाइस चांसलर्स मीट के उद्घाटन समारोह का। दो दिवसीय इस समारोह के पहले दिन मिश्र मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। आईआईएस स्कूल के सभागार में हुए इस मीट में विभिन्न केंद्रीय, राज्य निजी एवं डीम्ड यूनिवर्सिटीज के 80 से अधिक वाइस चांसलर्स भाग ले रहे हैं। 'इंटरनेशनलाइजेशन ऑफ हायर एजुकेशन एंड ग्लोबल रैंकिंग्स' थीम पर हुई इस मीट में आगे राज्यपाल ने विभिन्न इंस्टीट्यूट्स को कहा कि वे गंभीरता से यह सुनिश्चित करने का प्रयास करें कि हमारे देश की प्रतिभा का विदेशों में पलायन ना हो और देश की प्रगति में तेजी लाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।

राज्यपाल ने आगे कहा कि उच्च शिक्षा में इनोवेशन लाने की आवश्यकता है। इनोवेशन को सुनिश्चित करने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधाएं विकसित करना इस दिशा में पहला कदम होगा। इस मीट से उच्च शिक्षा में इनोवेशन को आगे बढ़ाने के लिए ना सिर्फ शिक्षाविदों को, बल्कि सरकार और समाज को भी राह मिलेगी। राज्यपाल ने कहा कि देश में बेरोजगारी के उन्मूलन में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा महत्वपूर्ण साबित होगी।

### अंतरराष्ट्रीयकरण की है आवश्यकता

**अपने अध्यक्षीय भाषण में एआईयू के प्रेसीडेंट एम. एम. सालुंखे ने कहा कि दुनिया की समस्याओं के समाधान के लिए उच्च शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण की आवश्यकता है। सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए नेटवर्किंग अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी तरह यूजीसीए नई दिल्ली के वाइस चेयरमैन प्रो. भूषण पटवर्धन ने कहा कि हालांकि अंतरराष्ट्रीयकरण आवश्यक है, लेकिन वैश्वीकरण को मजबूत बनाया जाना भी महत्वपूर्ण है। भारतीय यूनिवर्सिटीज का भी एक-दूसरे के साथ जुड़ाव एवं आपसी सहयोग आवश्यक है। इसी तरह आगे एआईयू के महासचिव डॉ. पंकज मित्तल, आईआईएस डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. अशोक गुप्ता ने भी अपने विचार रखे।**

SAMACHAR JAGAT
12/12/2019

वेस्ट जोन वाइस चांसलर्स मीट का आगाज

# देश की प्रतिभाओं का राष्ट्र के विकास में उपयोग किया जाना चाहिए : राज्यपाल




**जयपुर (कासं)।** राज्यपाल, कलराज मिश्र ने कहा है कि इस बात से कोई इंकार नहीं है कि भारत में प्रतिभा की कहीं कमी नहीं है। हमारा देश विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अर्थशास्त्र, साहित्य जैसे क्षेत्रों के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है। जयपुर में शुरू हुई दो दिवसीय वेस्ट जोन वाइस चांसलर्स मीट के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए

राज्यपाल ने सभी कॉलेजों, यूनिवर्सिटीज एवं तकनीकी संस्थानों से आग्रह किया कि वे गंभीरता से यह सुनिश्चित करने का प्रयास करें कि हमारे देश की प्रतिभा का विदेशों में पलायन ना हो और देश की प्रगति में तेजी लाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।

राज्यपाल ने कहा कि उच्च शिक्षा में इनोवेशन लाने की आवश्यकता है। इनोवेशन को सुनिश्चित करने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर एवं सुविधाएं विकसित करना इस दिशा में पहला कदम होगा।

ऑल इंडिया यूनिवर्सिटीज (एआईयू) द्वारा आईआईएस डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी जयपुर में 'इंटरनेशनलाइजेशन ऑफ हायर एजुकेशन एंड ग्लोबल रैंकिंग्स' विषय पर आयोजित इस मीट में विभिन्न केंद्रीय, राज्य, निजी एवं डीम्ड यूनिवर्सिटीज के 80 से अधिक वाइस चांसलर्स भाग ले रहे हैं।

अध्यक्षीय भाषण में एआईयू के प्रेसीडेंट, एम. एम. सालुंखे ने कहा कि दुनिया की समस्याओं के समाधान के लिए उच्च शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीयकरण की आवश्यकता है। सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए नेटवर्किंग अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि 'स्टडी इन इंडिया प्रोग्राम' बड़ी संख्या में विदेशी विद्यार्थियों को भारतीय यूनिवर्सिटीज में पढ़ने के लिए आकर्षित करेगा। यूजीसी, नई दिल्ली के वाइस चेयरमैन, प्रो. भूषण पटवर्धन ने कहा कि हालांकि अंतर्राष्ट्रीयकरण आवश्यक है, लेकिन वैश्वीकरण को मजबूत बनाया जाना भी महत्वपूर्ण है। एआईयू की महासचिव, डॉ. पंकज मित्तल ने अपडेटेड इंटरेक्टिव वेबसाइट, लाइब्रेरी का डिजिटलीकरण, एडमिशन पोर्टल, नौकरियों के लिए विज्ञापन पोर्टल, कॉलोब्रेशन पोर्टल जैसी एआईयू की विभिन्न पहलों की जानकारी दी।

आईआईएस यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर, डॉ. अशोक गुप्ता ने कहा कि इस मीट के विचार-विमर्श से विभिन्न यूनिवर्सिटीज एवं उच्च शिक्षा संस्थानों के संचालकों को अपने मिशन को फिर से परिभाषित करने एवं संस्थानों के संचालन में मदद मिलेगी।

# RAJASTHAN PATRIKA
# 18/11/2019

**ANCHOR** बच्चों ने की ट्रैफिक नियमों के पालन की अपील

# यातायात के नियम फॉलो होंगे तभी बचेगा जीवन

**पत्रिका PLUS रिपोर्टर**

जयपुर ◆ सड़क सुरक्षा की दिशा में कार्य कर रही मुस्कान संस्था की ओर से संयुक्त राष्ट्र संघ के वर्ल्ड डे ऑफ रिमेम्ब्रेंस के अवसर पर रविवार को सड़क दुर्घटनाओं के शिकार लोगों को याद किया गया और लोगों को यातायात के नियमों को फॉलो करने का मैसेज दिया गया। रवीन्द्र मंच के ओपन थिएटर में आयोजित कार्यक्रम में सड़क दुघर्टनाओं में अपनी या दूसरों की गलती के कारण असमय हताहत हुए लोगों को भावभीनी संगीतमय ट्रिब्यूट दिया गया।




इसमें जयपुर के 40 स्कूलों के 450 स्टूडेंट्स ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से यातायात नियमों की पालना और दुर्घटनाओं से बचने का सन्देश दिया। कार्यक्रम में मनोज वाधवा ने अपने अनुभवों को साझा किया, सड़क दुर्घटना में उन्होंने अपने तीन वर्षीय बेटे को खो दिया था। इसके बाद सड़क पर बने गड्ढों पर एक जनहितकारी कानूनी लड़ाई लड़ी। टॉक शो में परिवहन आयुक्त राजेश यादव, पुलिस उपायुक्त यातायात राहुल प्रकाश, न्यूरो सर्जन वीडी सिन्हा, राजस्थान पत्रिका के संदीप पुरोहित और वरिष्ठ पत्रकार कुनाल मजूमदार रूबरू हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीजी राव श्रीनिवास जंगा ने अपने उद्बोधन में कहा कि सड़क नियमों की पालना करना और यातायात पुलिस का सहयोग करना हर नागरिक का कर्तव्य है। के अंत में संस्था के मैनेजिंग ट्रस्टी शांतनु भसीन ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन ईश्वर दत्त माथुर ने किया।

# DAINIK BHASKAR
# 01/11/2019

## प्रो. एन.के. जैन की स्मृति में हुए लेक्चर



**सिटी रिपोर्टर** | आईआईएस, डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के कला एवं सामाजिक विज्ञान विभाग की ओर से गुरुवार को प्रो. एन.के जैन मेमोरियल लेक्चर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रो सच्चिदानंद मोहंती, पूर्व वाइस-चांसलर, सेंट्रल यूनिवर्सिटी, उड़ीसा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में चांसलर डॉ. अशोक गुप्ता ने प्रो. एन.के. जैन के यूनिवर्सिटी में 14 वर्षीय कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि अंग्रेजी विभाग को स्थापित करने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही। उनके हास्यप्रद स्वभाव की वजह से वे स्टूडेंट्स एवं टीचर्स के बीच लोकप्रिय रहे। अंत में प्रो. मोहंती ने विभिन्न उदाहरणों के जरिए सांस्कृतिक परिदृश्य में बदलते वैश्विक परिवेश के बारे में विस्तार से चर्चा की।

## DAILY NEWS
## 20/10/2019

# कल्चरल फेस्ट में दिखी स्टूडेंट्स की प्रतिभा





**डेली न्यूज, mix रिपोर्टर**

**जयपुर।** आईआईएस यूनिवर्सिटी में इंटर इंस्टीट्यूट कल्चरल फेस्ट इक्जयूबरेंस आयोजित किया गया। इसमें फेस्ट की शुरुआत एक्टेमपोर कॉम्पटिशन से हुई, जिसमें 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

वहीं नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में स्टूडेंट्स की प्रतिभा देखने को मिला। हल्ला बोल नामक इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने देश के विकास के लिए प्रत्येक नागरिक से अपना योगदान देने की अपील की तो वहीं दूसरी टीम ने आतंकवाद पर नुक्कड़ नाटक पेश किया। इसके अतरिक्त राग, एकल गायन प्रतियोगिता, डूडलिंग, बिजनेस प्लैनेथॉन जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। वहीं फैशन स्केचिंग प्रतियोगिता में 14 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें से आर्च अकेडमी ऑफ डिजाइन से सिद्रा हसन ने प्रथम स्थान हासिल किया।

# RAJASTHAN PATRIKA
# 20/10/2019

## कॉम्पीटिशंस में क्रिएटिविटी के रंग





जयपुर ◆ मानसरोवर स्थित एक विश्वविद्यालय में शनिवार को 'इक्जयूबरेंस 2019' सांस्कृतिक फेस्ट हुआ। इस मौके पर मास्क पेंटिंग, नुक्कड़ नाटक, डूडलिंग और गायन प्रतियोगिताएं हुईं। फेस्ट का आगाज एक्टेमपोर कॉम्पीटिशन से हुआ, जिसमें राजस्थान कॉलेज के चारूश खुराना एवं अभिनेष राजोरिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं नुक्कड़ नाटक 'हल्ला बोल' में आइआइएस विश्वविद्यालय की टीम विजेता रही। एकल गायन प्रतियोगिता में जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट रजत कुमार, डूडलिंग में मनिला जैन एवं मानसी कंसतिया और मास्क पेंटिंग में अनुराधा दास ने प्रथम स्थान ग्रहण किया। इसके अलावा फैशन स्केचिंग प्रतियोगिता भी हुई।

# DAILY NEWS
## 19/10/2019

# स्टूडेंट्स ने फिल्म, आरजे और फोटोग्राफी में दिखाया हुनर




**डेली न्यूज, mix रिपोर्टर**

जयपुर। द आईआईएस डीम्ड टू बी युनिवर्सिटी के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की ओर से दो दिवसीय समारोह विविधा-2019' का शुक्रवार को समापन हो गया। समापन समारोह के दौरान द फाइनल कट फिल्म फेस्टिवल में प्रतिभागियों ने फिल्म मेकिंग कला का प्रदर्शन करते हुए रोचक एवं गम्भीर विषयों पर फिल्में प्रजेंट की। इस फिल्म फेस्टिवल में 17 फिल्में शोकेस की गई। इस प्रतियोगिता में स्टूडेंट श्रुति जैन एवं पारूल सोनी द्वारा निर्देशित फिल्म 'कथक' ने प्रथम स्थान ग्रहण किया। वहीं फिक्शन कैटेगरी में थिएटर की बिगड़ती हुई दशा पर आधारित फिल्म 'कहानी रंगमंच की' ने प्रथम स्थान ग्रहण किया जिसका निर्देशन किया आईआईएस विश्वविद्यालय की स्टूडेंट दीपिका फोगाट और श्वेता शर्मा ने की। इस दौरान फोटोग्राफी कॉम्पटिशन भी हुआ, इसमें प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिस अल्फीशा खान ने प्रथम और अपर्णा न ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। आर जे प्रतियोगिता में 17 टीमों ने हिस्सा लि जिसमें पारूल सोनी ने प्रथम एवं व प्रिया गुप्ता ने द्वितीय स्थान ग्रहण किया

# RAJASTHAN PATRIKA
# 18/10/2019

## मीडिया फेस्ट का आगाज




**पत्रिका PLUS रिपोर्टर**

जयपुर ◆ मीडिया व्यवसाय उन लोगों के लिए है जानकारी साझा करने का जुनून एवं ललक है। यह कहना था इंडिया हैबिटैट सेंटर नई दिल्ली के निदेशक सुनीत टंडन का। वे मानसरोवर स्थित आइआइएस यूनिवर्सिटी के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के आठवें मीडिया फेस्ट विविधा 2019 में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। गुरूवार को आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने स्टूडेंट्स से अपने अनुभव साझा किए। साथ ही मीडिया की विभिन्न विधाओं की जानकारी दी। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.अशोक गुप्ता ने पत्रिका यूथ स्पीक का विमोचन किया। विभागाध्यक्ष डॉ.गरिमा श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से आए विद्यार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# DAINIK BHASKAR
## 18/10/2019

# विविधा 2019 : मीडिया फेस्ट में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल हुए कई कॉलेजों के स्टूडेंट

सिटी रिपोर्टर. जयपुर



मीडिया प्रोफेशन उन लोगों के लिए है जिनमें कुछ बताने या जानकारी साझा करने का जुनून है। अगर आप पैसा व शोहरत पाने के लिए मीडिया हाउस से जुड़ना चाहते हैं तो आपको नाकामयाबी ही हाथ लगेगी। क्योंकि मीडिया के जितने भी जाने-माने चेहरे हैं उनका मकसद कभी भी शोहरत हासिल करना नहीं रहा।

यह कहना था सुनीत टंडन, निदेशक, इंडिया हैबिटैट सेंटर, नई दिल्ली का जो आईआईएस, डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की ओर से आयोजित 8वें मीडिया फेस्ट विविधा 2019 में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रही। दो दिवसीय इंटर कॉलेज मीडिया फेस्ट में शहर के कई कॉलेजों के स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। यूनिवर्सिटी वी.सी. डॉ. अशोक गुप्ता ने कहा कि पहले दिन एड मेड प्रतियोगिता, मीडिया क्विज एवं बडिंग जर्नलिस्ट जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। एड मेड में प्रथम स्थान एस.एस. जैन सुबोध पीजी कॉलेज ने हासिल किया। मीडिया क्विज में आईआईआईएम की पूर्वी जैन एवं शिवम मेहता प्रथम रहे। दूसरे दिन फिल्म फेस्टिवल, आरजे हंट एवं फोटोग्राफी कॉम्पिटीशन जैसी रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

# DAILY NEWS
## 05/10/2019

# प्लास्टिक मुक्त भारत का दिया संदेश

**डेली न्यूज, mix रिपोर्टर**



जयपुर। मानसरोवर स्थित आईआईएस डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी और इंटरनेशनल स्कूल ऑफ इंफॉर्मेटिक्स एंड मैनेजमेंट टेक्निकल कैम्पस की ओर से 150वीं गांधी जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम हुआ। इसके तहत विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया। इस दौरान विवि के कुलपति डॉ. अशोक गुप्ता और रेक्टर व रजिस्ट्रार डॉ. राखी गुप्ता ने इस शिविर का उद्घाटन किया। विवि की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई, स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक एवं राजस्थान हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में यह ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्लड बैंक की सात सदस्यीय टीम विवि पहुंची, जिसकी अगुआई की डॉ. एमडी भोजवानी ने की। कैम्प के तहत 262 रजिस्ट्रेशंस हुए एवं 102 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। साथ ही इस दौरान एनसीसी की छात्राओं ने प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के तहत निकाली रैली। इसके अलावा एनसीसी के कैडेट्स ने मुहाना गांव में प्लास्टिक मुक्त देश के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए रैली भी निकाली। कार्यक्रमों की श्रेणी में संस्थान में देशभक्ति के गीतों पर आधारित इंटर कॉलेज एकल एंव समूह गायन प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ।

# SAMACHAR JAGAT
# 05/10/2019

## हुई इंटर-कॉलेजिएट प्रतियोगिताएं




जयपुर (कासं)। आईआईएस (डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय) के केमिकल असोसिएशन, कैमिस्ट्री विभाग द्वारा शुक्रवार को इंटरनेशनल ईयर ऑफ पीरियॉडिक टेबल नो योर एलिमेंट्स को सेलिब्रेट किया गया। इस खास मौके को मनाने के लिए स्नातक व स्नातकोत्तर साइंस के स्टूडेंट्स के लिए पीरियॉडिक टेबल से संबंधित इंटर-कॉलेजिएट प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस प्रमुख अवसर पर स्वागत भाषण एवं डेमो सत्र प्रस्तुत करने के लिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बंगलुरू से प्रो उदय मैत्रा मौजूद थे। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अशोक गुप्ता के स्वागत भाषण से हुई जिसमें उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा 21 सितम्बर एवं 3 अक्टूबर को कैमिस्ट्री ओलम्पियाड का आयोजन किया गया था।

# DAILY NEWS
25/09/2019

# स्टूडेंट्स ने सुरों में पिरोए देशभक्ति के तराने



डेली न्यूज, mix रिपोर्टर

जयपुर। मानसरोवर स्थित आईआईएस यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से एनएसएस के स्थापना दिवस के साथ-साथ इसकी स्वर्ण जयंती एवं 150वीं गांधी जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को 14वां राज्यस्तरीय देशभक्ति एकल गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में राज्य के कोने-कोने जैसे कि बीकानेर, बूंदी से आए 19 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर जहां आईएसएस रंजना चौधरी मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थीं, वहीं गायक समीर शर्मा, राजश्री हरीश एवं सुमन्त मुखर्जी ने जज की कमान संभाली। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने 'मेरा मुल्क मेरा देश...', 'ऐ मेरे वतन के लोगों...', 'मौला ले ले मेरी जान...', 'ए वतन आबाद रहे तू...' जैसे देशभक्ति से ओत-प्रोत गाने गाकर सभी में देशप्रेम की भावना पैदा की। एकल गीत प्रतियोगिता में 'ये मेरा इंडिया गाकर...' प्रथम स्थान पर स्नेहा श्रीवास्तव और दूसरे स्थान पर राजकीय महाविद्यालय बूंदी से विधि शर्मा ने जिन्होंने 'ए मेरे प्यारे वतन...' गाया।

**RAJASTHAN PATRIKA**
**25/09/2019**

एनएसएस के स्थापना दिवस पर शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में हुए कार्यक्रम

# कैम्पस में गूंजे देशभक्ति गीतों के तराने



पत्रिका PLUS रिपोर्टर

जयपुर ◆ 'मेरा मुल्क मेरा देश', 'ए मेरे वतन के लोगों', 'मौला मेरे ले ले मेरी जान', 'ए मेरे प्यारे वतन' और 'ए वतन आबाद रहे तू' जैसे देशभक्ति गीत और फिजां में बहती देशप्रेम की भावना। यहां मानसरोवर स्थित आइआइएस यूनिवर्सिटी में 14वें राज्यस्तरीय एकल गीत प्रतियोगिता में कुछ ऐसा ही माहौल देखने को मिला। मौका था एनएसएस के स्थापना दिवस की स्वर्ण जयंती और गांधीजी की 150वीं जयंती समारोह का। एकल गीत प्रतियोगिता प्रथम स्थान पर आइआइएस यूनिवर्सिटी की स्नेहा श्रीवास्तव व दूसरे स्थान पर गवर्नमेंट की विधि शर्मा रहीं। तीसरे स्थान गवर्नमेंट डूंगर कॉलेज के अजय बारूपाल ने कब्जा जमाया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आइएसएस रंजना चौधरी थीं। निर्णायक मंडल में गायक समीर शर्मा, राजश्री, हरीश और सुमंत मुखर्जी शामिल थे।

## निकाली रैली

जयपुर ◆ राजकीय महाविद्यालय जयपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम और द्वितीय की ओर से एनएसएस स्थापना दिवस की स्वर्ण जयंती और गांधीजी की150वीं जयंती मनाई गई। इसके तहत प्राचार्य डॉ.कीर्ति शेखावत ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में स्टूडेंट्स बढ़चढ़ कर भाग लिया।

## नुक्कड़ नाटक

जयपुर ◆ राष्ट्रीय सेवा योजना की 50 वीं वर्षगांठ का आयोजन महाराजा महाविद्यालय में भी किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रिंसिपल डॉ रामवीर सिंह, मुख्य अतिथि बन्नी सिंह व विशिष्ठ अतिथि आरएन शर्मा , कमल सिंह व श्रवण थे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति व नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन भी किया गया ।

SAMACHAR JAGAT
24/09/2019

# नाट्य कार्यशाला : 'एक भूत की आत्मकथा' ने दिए कई संदेश





जयपुर (कासं)। राजनीतिक व्यंग्य को कसने के साथ मानवीय समाज और प्रकृति के अंधेरे पहलुओं पर रोशनी डालता डांस ड्रामा 'एक भूत की आत्मकथा' का नृत्य और संगीत के जरिए संप्रेषित कर स्टूडेंट्स ने अपनी नाट्य कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया। दी आईआईएसयू थिएट्रिकल सोसायटी की यह पेशकश सोमवार की शाम मानसरोवर स्थित इंडिया इंटरनेशनल स्कूल ऑडिटोरियम में हुई। तीस दिन की नाट्य कार्यशाला में करीब 45 स्टूडेंट ने इस शाम सीखे अपने थिएट्रिकल सबक को मंच पर उतारा। इस शो की मुख्य अतिथि रहीं फिल्म, टीवी और स्टेज की जानी-मानी अदाकारा रत्ना शाह पाठक। नाटक एनवाई पतंजलि द्वारा रचित तेलुगु नॉवल 'ओक्का देय्यम आत्मकथा का नाटकीय रूपांतरण है। यहां इस नाटक का निर्देशन शिव प्रसाद तुमु ने किया। इस संगीतमय प्रस्तुति में जानवरों के माध्यम लघु कहानियों के जरिए कई संदेश दिए गए। इनमें, कुछ थे, जैसे ज्ञानी को इतना भी सिर नहीं चढ़ाना चाहिए कि वो दूसरों के ज्ञान को भी शंका में डाल दे। इसी तरह सत्य के साथ असत्य को भी जानना आवश्यक है और दूसरों को दी गई नसीहत कभी-कभी खुद पर ही भारी पड़ जाती है। नाटक में मुख्य पात्रों ने जहां नाट्य परिकल्पना में कॉस्ट्यूम और मंच सज्जा का सुंदर इस्तेमाल किया, वहीं प्रभावी संगीत की इसकी विशेषता रही। केंद्रीय भूमिका में ज्योति शर्मा, वृतिका धाभाई के साथ प्रियल माथुर, जह्नावी राठौड़, आकांशा मीना आदि सहित पूरी टीम ने नृत्य एवं अभिनय में तकनीक तथा सहज आंतरिक स्फूर्ति का कुशल संयोग कायम रखा। कार्यक्रम के अंत में रत्नाशाह पाठक ने स्टूडेंट्स की एक्टिंग स्किल्स की सराहना करते उनका सम्मान किया। यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. अशोक गुप्ता, उपकुलपति राखी गुप्ता ने सभी का स्वागत किया और नाटक की बेहतर प्रस्तुति के लिए कलाकारों को शुभकामना दी।

**DAINIK BHASKAR**
**24/09/2019**

City भास्कर
जयपुर, मंगलवार 24 सितंबर, 2019

# 'एक भूत की आत्मकथा' में बॉलीवुड के लहजे से अलग दिखा बच्चों का अंदाज

**BHASKAR CONCEPT**

रत्ना शाह पाठक
भारतीय फिल्म और टीवी अभिनेत्री हैं और नसीरुद्दीन शाह की पत्नी हैं

जयपुर में सोमवार को दी आईआईएस थिएट्रिकल सोसायटी की ओर से मंचित किए गए नाटक एक भूत की आत्मकथा में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने के साथ-साथ मैंने इसको गहराई से आब्जर्व भी किया। ये नाटक मुख्य रूप से हमारे सामाजिक पाखंड पर कटाक्ष करता है। ये बड़े ही दुख का विषय है कि हमारे देश के बच्चे अपनी जबान से नावाकिफ होते जा रहे हैं, खासकर स्कूलों में हमारी भाषा के साथ खिलवाड़ हो रहा है, यहां होने वाले नाटकों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बॉलीवुड ही नजर आता है, ये सब देखकर खून खौलता है। लेकिन आज का नाटक देखकर सुकून मिला क्योंकि इसमें बॉलीवुड का असर नहीं था। मुझे इस बात ने भी रोमांचित किया ये नाटक एन.वाई. पतंजलि की तेलुगु नॉवल ओक्का देय्यम आत्मकथा पर आधारित था जिसका हिंदी भाषा में नाट्य रूपांतरण किया महाराष्ट्र के महेश गोदेश्वर ने जो फिलहाल गुजरात में रह रहे हैं।

### राजनीतिक व्यंग्य है एक भूत की आत्मकथा

ये नाटक एक राजनीतिक व्यंग्य है जो समाज में मौजूद पाखंड पर कटाक्ष करता है। समाज में ये परंपरा व्याप्त है कि राजा का बेटा राजा ही बनता है फिर चाहे उसमें काबिलियत हो या न हो। उसी प्रकार डेविल राजा का बेटा होने के नाते खुद को ज्ञानी समझ आत्मकथा लिखना शुरू करता है जिसके लिए दूसरों की अज्ञानता को समझना ही ज्ञान है। ऐसे में उसकी मुलाकात जब गंधर्व से होती है तो उसे दुनिया में व्याप्त सच्चाई का पता लगता है और आखिरकार आत्मकथा लिखने का ख्याल त्याग देता है।



### बच्चों ने डूबकर जिया नाटक को

इस नाटक के मंचन के दौरान बच्चों के जोश और जज्बे ने मुझे बेहद प्रभावित किया, रटा रटाया नहीं बोला बल्कि इसके किरदारों को उन्होंने डूबकर जिया। इतना जरूर कहूंगी कि थिएट्रिकल सोसायटी को आवाज की तैयारी पर ध्यान देना होगा ताकि बगैर माइक के भी उनकी आवाज दर्शकों तक पहुंच सके। इस प्रस्तुति में माइक होने के बावजूद आवाज की अस्पष्टता परेशान कर रही थी।

### दर्शकों को नसीहत

हमें नाटक देखने का सलीका सीखना चाहिए। मंचन के दौरान बातचीत और मोबाइल की आवाज उसकी गति को तोड़ती है। अगर बात करना जरूरी है या नाटक पसंद नहीं आ रहा तो थिएटर से चले जाएं।

# DAILY NEWS
## 18/09/2019

आईआईएस यूनिवर्सिटी में माइम गुरु निरंजन गोस्वामी स्टूडेंट्स से हुए रूबरू

# माइम में शब्दों की गैर-मौजूदगी में भी शरीर करता है काम





**डेली न्यूज, mix रिपोर्टर**

**जयपुर।** शब्दों का अपना महत्व हैं, लेकिन शब्दों के बिना भी आप अपने भाव अभिव्यक्त कर सकते हैं। कुछ इसी तरह के विचार मंगलवार को आईआईएस डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी की थिएट्रिकल सोसायटी की ओर से मंगलवार को विशेष लेक्चर में जाने-माने माइम गुरु निरंजन गोस्वामी ने स्टूडेंट्स के बीच रखे। उन्होंने अपने कार्यक्रम में थिएटर सीख रही छात्राओं को माइम के गुरों से परिचित करवाया। नेशनल माइम इंस्टीट्यूट, कोलकाता के संस्थापक निरंजन गोस्वामी ने इस दौरान सर्वप्रथम भारत में माइम के उद्गम और विकास पर चर्चा की। गोस्वामी ने माइम की बारीकियों पर विस्तार से जानकारी देते हुए माइम में फेस पेंटिंग की प्रासंगिकता से रूबरू करवाया। इसी के साथ ही यह भी बताया कि शब्दों की गैर-मौजूदगी में किस तरह से शरीर काम करता है। निरंजन गोस्वामी के उद्बोधन में छात्राओं की दिलचस्पी तब और बढ़ी जब उन्हें मुखाभिनय व माइम के बीच के संबंध को समझाया। अपने अभिभाषण में निरंजन गोस्वामी ने छात्राओं को माइम की दुनिया की सैर करवाई।

DAINIK BHASKAR
07/09/2019

# स्टूडेंट्स ने टीचर्स को गिफ्ट किए पौधे

## दैनिक भास्कर के एक पेड़, एक जिंदगी अभियान के तहत पौधरोपण जारी



**सिटी रिपोर्टर** | शिक्षक दिवस जितना महत्व स्टूडेंट्स के लिए रखता है उतना ही महत्व शिक्षकों के लिए भी रखता है यही वो दिन होता है। जब शिक्षकों की सालभर की मेहनत को उनके बच्चे सराहते हैं एवं शिक्षकों को उनकी अहमियत का अहसास कराते हैं। इस महत्वपूर्ण दिवस के अवसर पर गुरूवार को आईआईएस यूनिवर्सिटी परिसर में छात्राओं ने शिक्षकों के लिए एक खास कार्यक्रम आयोजित किया। शिक्षक दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के ऑफिस बियरर्स (2018-2019) ने ग्रुप सॉग्स में आशियाना मेरा, रूबरू जैसे गानों के ज़रिए शिक्षकों को ट्रिब्यूट दी। शिक्षक अपनी मेहनत, लगन, प्यार, अपनेपन से बच्चों को ज़िन्दगी का सामना करने एवं सफ़लता के मुकाम हासिल करने के लिए तैयार करते हैं। शायद इसलिए बच्चों ने शिक्षकों को पौधे बांटकर न सिर्फ उनके लिए अपना स्नेह दर्शाया वहीं पर्यावरण को हरा-भरा व साफ-सुधरा रखने का भी संदेश दिया। आप अपने स्कूल में प्लांटेशन कर फोटो और जानकारी साझा कर सकते हैं। पेड़ लगाओ जिंदगी बचाओ। 'एक पेड़ एक जिंदगी' अभियान में वंडर सीमेंट सहयोगी है।



{ वैशाली नगर नेशनल हैडलूम के पीछे पौधारोपण किया गया।



{सांगानेर स्थित केसर इंटरनेशनल स्कूल में पौधरोपण किया गया। इस दौरान महापौर विष्णु लाटा भी उपस्थित थे।

# RAJASTHAN PATRIKA
# 06/09/2019

## ग्रुप सॉन्ग से दिया ट्रिब्यूट



शिक्षक दिवस के अवसर पर आइआइएस विश्वविद्यालय के ऑफिस बियरर्स ने ग्रुप सॉन्स में आशियाना मेरा, रूबरू जैसे गानों के जरिए शिक्षकों को ट्रिब्यूट दी। परिसर में छात्राओं ने शिक्षकों के लिए एक खास कार्यक्रम आयोजित किया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अशोक गुप्ता ने मंच पर आकर बच्चों के साथ मिलकर अपना पसंदीदा गाना आ चल के तुझे गुनगुनाया। बच्चों ने शिक्षकों को पौधे बांटकर पर्यावरण को हरा-भरा व साफ-सुधरा रखने का भी संदेश दिया।

DAINIK NAVJYOTI
30/08/2019

# स्पेशल बच्चों के साथ स्पेशल स्पोर्ट्स डे का आयोजन



**Nav Xpress** | चेहरे पर सुकून और मासूमियत भरी मुस्कान के साथ मन में खेल भावना लिए अलग रूप से सक्षम बच्चे इस मौके को अपनी मुट्ठी में करने की चाह लिए उपस्थित थे। आईआईएस (डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय) द्वारा स्पेशल बच्चों के लिए आयोजित पेरा स्पोर्ट्स मीट में। इस मौके को और खास बनाते हुए इन बच्चों ने यह साबित कर दिया कि वो किसी भी सामान्य बच्चे की तरह ज़िन्दगी के सफर में कदम से कदम मिलाने के लिए तैयार हैं और इन्हें किसी दया की नहीं बल्कि प्यार और अपनेपन की जरूरत है। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के ईक्वल ऑपर्च्यूनिटी सेल स्पोर्ट्स बोर्ड एवं नेशनल सर्विस स्कीम ईकाई के संयुक्त तत्वावधान में गुरूवार को स्पेशल चिल्ड्रन के लिए पेरा स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया, जिसमें दिशा, माइलस्टोन, स्वीकार, निर्मल विवेक, प्रयास एवं उमंग जैसे स्पेशल स्कूलों से लगभग 125 बच्चों ने भाग लिया। इस मौके पर विवि की रेक्टर एवं रजिस्ट्रार डॉ. राखी गुप्ता, डॉ. अशोक गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों को मेडल पहना तथा उनके साथ आए टीचर्स की मेहनत एवं लगन को देखते हुए उन्हें मेमेंटोज प्रदान किए।

# DAINIK BHASKAR
## 29/08/2019

# बॉलीवुड गीतों के साथ संस्कृति को प्रस्तुत किया

**सिटी रिपोर्टर** ▪ बॉलीवुड डांस, फ्री स्टाइल और कंटम्परेरी के साथ स्टूडेंट्स ने डांस के जरिए कई राज्यों की संस्कृति को प्रजेंट किया। मौका था मानसरोवर स्थित आईआईएस, डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी में बुधवार को फ्रैशर्स पार्टी इग्जूबरंस -2019 का । कार्यक्रम की शुरुआत महाराष्ट्र की लावणी से हुई, इसके बाद स्टूडेट्स ने बॉलीवुड डांस, फ्री-स्टाइल, कंटम्परेरी सेमी-क्लासिकल डांस पर परफॉर्म दी। साथ ही फ्रैशर्स ने कोरियन पॉप पर फ्री स्टाइल डांस में गल मिठ्ठी-मिठ्ठी बोल, नित खैर मंगा, घर मोरे परदेसिया जैसे बॉलीवुड सॉन्ग्स पर भी प्रस्तुति दी। गर्ल्स के ग्रुप ने भी 'एक लड़की को देखा तो ऐसा लगा, 'ले जा ले जा रे, हैप्पी बिगनिंग और ये शाम मस्तानी' जैसे सॉन्ग्स पर परफॉर्मेंस दी।




यूनिवर्सिटी के वीसी डॉ. अशोक गुप्ता ने फ्रैशर्स को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छी शिक्षा एवं सही मार्गदर्शन से ही अच्छे भविष्य की नींव रखी जा सकती है। अंत में स्नातक की अन्वी शर्मा, बीएससी ऑनर्स एवं स्नातकोत्तर की अनुराधा दसानी एमए इंग्लिश को 'मिस फ्रैशर-2019' के खिताब से नवाज़ा गया।

# RAJASTHAN PATRIKA
## 24/08/2019

महाभारत से जुड़े प्रसंगों पर कार्यक्रम

# कुचीपुड़ी नृत्य की प्रस्तुति के साथ इतिहास भी समझाया




जयपुर ◆ देश के आठ शास्त्रीय नृत्य रूपों में कुचीपुड़ी नृत्य मात्र एक ऐसा नृत्य है जिसका नाम एक गांव के नाम पर रखा गया है। इसी के साथ ही यह नृत्य गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रेकॉर्ड 2018 में दर्ज हुआ है। यह कहना है मशहूर कुचीपुड़ी नृतक येलीस्वरूपलु निवासलु का जो आई आई एस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) में स्पिक मैके के तहत अपनी प्रस्तुति देने के लिए उपस्थित हुए थे। नृत्य प्रस्तुति में येलीस्वरूपलु निवासलु का सहनृत्य में साथ दिया मीना एलुरी ने। वहीं नटुवंगम एवं वोकल पर थे, पी श्रीनिवासुलु, मृदंगम पर साथ दिया हरनदा शास्त्री एवं हारमोनियम पर वाई पुरनाचंद्र राव थे। येलीस्वरूपलु निवासलु ने द्रोपदी चीरहरण के मुख्य कलाकारों का वर्णन आकर्षण का केंद्र रहा। दुर्योधन का अहंकार, धर्मराज युधिष्ठिर की हताशा, शकुनी मामा की कुटिलता, दुशासन की नीचता, द्रोपदी की असहाय स्थिति, श्रीकृष्ण की कृपा आदि को कलाकार ने अपने हस्त मुद्रा, भाव-भंगिमा व पदचाप से व्यक्त किया।

# RAJASTHAN PATRIKA
# 03/08/2019

MEHANDI FEST







## Kriti at 'IIS-U'

On the occasion of 'Teej', the IIS University organized its Annual Mehandi Competition 'Kriti 2019' on Friday. The event witnessed participation of 165 students who showed up their creative skills with different designs of mehandi.

# SAMACHAR JAGAT
# 07/04/2019

## एक्ट्रेस एशा गुप्ता आज टेडएक्स में करेंगी अपने अनुभव साझा

### देशभर से 12 स्पीकर होंगे शो में मौजूद



जयपुर (कासं)। बॉलीवुड एक्ट्रेस एशा गुप्ता जयपुर में मौजूद होगी। मौका होगा आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) में आयोजित होने जा रहे अंतर्राष्ट्रीय मंच टेडएक्स का। इस दौरान अदाकारा अपने विचार और अनुभव लोगों के साथ बांटती दिखेगी। 7 अप्रैल को इंडिया इंटरनेशनल विश्वविद्यालय कैंपस में पूरे दिन चलने वाले इस कार्यक्रम में राजस्थान और देश के चर्चित अनुभवियों एक ही मंच पर एकत्रित होंगे। इस दौरान बॉलीवुड रैपर इक्का, सिंगर मोहित गौड़, सेलिब्रिटी लाइव सिंगर स्टेबिन बेन, वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर और फ़ेमस इंट्रूमेंट आर्टिस्ट डॉ. बैनी प्रसाद, हरे कृष्ण मिशन और अक्षयपात्र के वाईस प्रेजिडेंट अनंत सेष दास, सोशल एक्टिविस्ट करण विग, आरजे कार्तिक, मिस इंडिया व्हीलचेयर फाइनलिस्ट अंकिता शर्मा, यू- ट्यूबर सलोनी श्रीवास्तव और अलिका भट्ट, सोशल एक्टिविस्ट तृप्ति सिंह शामिल रहेंगे। कार्यक्रम में एक्टिंग, म्यूजिक, सोशल कॉज, डिजिटल सेंसेशन और कम्युनिकेशन सेक्टर के 12 स्पीकर्स को जोड़ा गया है।

# RAJASTHAN PATRIKA
## 06/04/2019

# 'आशीर्वाद' में दिखी रंगारंग प्रस्तुति



**जयपुर** ◆ सीनियर्स जूनियर्स के साथ दोस्ती निभाते हैं तो वहीं जूनियर्स भी सीनियर्स को अपना प्रेरणा स्त्रोत मानते हैं। इसी बीच एक ऐसा मौका आता है जब सीनियर्स को जूनियर्स का साथ छोड़ जिन्दगी में आगे बढ़ना होता है लेकिन जूनियर्स इस अवसर को खास बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ते। कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला द आई आई एस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) द्वारा शुक्रवार को आयोजित आर्शीवाद एवं अवॉर्ड सेरेमनी 2019 में जहां जूनियर्स ने सीनियर्स को ट्रिब्यूट देकर विदाई दी। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अशोक गुप्ता ने बताया कि समारोह में 520 छात्राओं को सम्मानित किया गया। सेरेमनी में गीतों के जरिए जूनियर्स ने सीनियर्स के साथ बिताए खूबसूरत पलों को बयां किया।

**DAILY NEWS**

**04/05/2019**

5/4/19

# बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा गुप्ता और रैपर इक्का 7 को शहर में होंगे

## स्टेबिन बेन और मोहित गौड़ सहित 12 स्पीकर्स टेड एक्स में बाटेंगे अपने अनुभव

डेली न्यूज, mix रिपोर्टर

जयपुर। अपने विचार और अनुभव लोगों के साथ बांटने के लिए इंटरनेशनल मंच टेड एक्स का मानारोवर स्थित आईआईएस यूनिवर्सिटी में आयोजन किया जा रहा है। आईआईएस कैंपस में रविवार को पूरे दिन चलने वाले कार्यक्रम में प्रदेश और देश की फेमस पर्सनैलिटीज अपने एक्सपीरियंस और सक्सेस जर्नी शेयर करेंगे। 'जन्नत-2', 'कमांडो-2', राज-2' जैसी फिल्मों से खास पहचान बनाने वाली बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा गुप्ता स्पीकर के तौर पर मौजूद होंगी। वहीं 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया', 'पानी वाला डांस', 'कमरिया' जैसे धमाकेदार गानों में अपने रैप से जान डालने वाले रैपर इक्का का सेशन भी होगा। जयपुर के कप केक मोहित गौड़ जिनकी धुनों को यू-ट्यूब पर काफी पसंद किया गया है। इन्हीं के साथ 'भीगी भीगी रातों में', 'हल्का हल्का सुरूर है' जैसे हिट रिमिक्स देने वाले फेमस लाइव सिंगर स्टेबिन बेन शो में मुख्य वक्ताओं के तौर पर शिरकत करेंगे। वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर और फेमस इंट्रूमेंट आर्टिस्ट डॉ. बैनी प्रसाद और हरे कृष्ण मिशन और अक्षयपात्र के वाइस प्रेंसिडेंट अनंत सेशदास भी कार्यक्रम में अपने अनुभव साझा करेंगे। इनके अलावा सोशल एक्टिविस्ट करण विग, मिस इंडिया व्हीलचेयर फाइनलिस्ट अंकिता शर्मा, यू- ट्यूबर सलोनी श्रीवास्तव और अलिका भट्ट, सोशल एक्टिविस्ट तृप्ति सिंह भी शामिल होंगे।





### देशभर से स्पीकर्स शेयर करेंगे अनुभव

कार्यक्रम के आयोजक रक्षिता सिंह और सह आयोजक रिया पारीक ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन करने का खास मकसद विभिन्न क्षेत्रों मे लोगो के अनुभव और भावनाओं को दूसरों लोगो का पहुंचाना है। जिसके लिए सिर्फ जयपुर ही नहीं, पूरे देश भर के विभिन्न पदो पर नाम कर चुके लोगों को एक मंच के नीचे लाने की एक कोशिश है। कार्यक्रम में देशभर से विभिन्न क्षेत्रों के 12 स्पीकर्स अपने अनुभव लोगो से शेयर करेंगे।

# DAINIK BHASKAR
15/03/2019

## कंटम्परेरी डांस से जवानों को दी श्रद्धांजलि



सिटी रिपोर्टर ▪ नृत्यांगनाओं ने सेमी क्लासिकल बैले विजयी विश्व तिरंगा में देश की आन-बान-शान का प्रतीक तिरंगे की अहमियत का अहसास करवाया। मौका था दी आईआईएस यूनिवर्सिटी के एनुअल फंक्शन विरासत-2019 का, जो हमेशा से ही देश की धरोहर, कला, संस्कृति तथा वुमनहुड को समर्पित रहा है। गुरुवार को कैंप में आयोजित इस समारोह में स्टूडेंट्स ने कंटम्परेरी डांस के जरिए बालाघाट के जवानों को श्रद्धांजलि दी। फैशन फिएस्टा में डिजाइनर्स ने राजस्थान की संस्कृति की पहचान शहर जयपुर, जोधपुर, जैसलमेर एवं उदयपुर से प्रेरणा लेते हुए डाउनटाउन शीक कलेक्शन पेश किया।

DAINIK NAVJYOTI
12/02/2019

# सिटी की ब्यूटी को कैनवास पर उतारने की कोशिश



Nav Xpress

प्रसिद्ध चित्रकार पिकासो का मानना था इंसान की आत्मा पर पड़ी रोजमर्रा की दिनचर्यानुमा धूल को हटाकर जिन्दगी इंसान को असली आईना दिखाने की कोशिश करती है। इतना ही नहीं मशीनीकरण के दौर की बोरिंग लाइफ में से रोमांच दिलाने का काम कला करती है। पिकासो के इन वाक्यों को जवाहर कला केन्द्र में सच कर दिखाया है फाइन आर्ट के विद्यार्थियों ने। आईआईएस यूनिवर्सिटी के विजुअल आर्ट डिपार्टमेंट की स्टूडेन्टस द्वारा ऑर्गेनाइज की जा रही इस प्रदर्शनी में चित्रों ने लाइफ के डिफरेंट एंगल को बेहद खूबसूरती के साथ कैनवास पर बनाया है। हल्के नीले पीले लाल गुलाबी आदि रंगो से वार्षिक कला प्रदर्शनी अभिव्यक्ति में सजाकर लाइफ को डिफरेंट एंगल से देखने का एक नजरिया हमारे सामने रखा है।

## रंगो व मास्टर स्ट्रोक से रचा संसार

छात्राओं ने विभिन्न रंगो एवं मास्टर स्ट्रोक के जरिए कला के विभिन्न रूपो के बेहतर नमूने पेश किए हैं इस उम्मीद में कि कला के कद्रदान कलाकारों की इस प्रतिभा एव हुनर तारीफ करेंगे। उनका मनोबल बढ़ाकर कला को और निखारने के लिए प्रेरित करेंगे। विजुअल आर्ट्स विभाग की 200 छात्राओं ने अपनी सोच भावनाओं व विचारों को रंगों, स्ट्रोक्स, टेक्स्चर और कला के माध्यम से अभिव्यक्त किया है। अदिति जैन, खुशबु सोनी के 3डी एव मिमांसी छीपा के 2डी क्रिएटिव कॉम्पोजिशन ने दर्शको का ध्यान आकर्षित किया। राजस्थान की एक खूबसूरत झलक दिखाते हुए गर्ल्स ने हैरिटेज मॉन्यूमेंट पर पेंटिंग बनाई है।

## पेंटिंग्स में खूबसूरत गुलाबी नगर दिखाया

कुछं ने फोटोग्राफी के ज़रिए गुलाबी नगरी की खूबसूरती दिखाई। छात्राओं ने टेम्पेरा, इलस्ट्रेशन, म्यूरल एवं रेंडरिंग की विभिन्न विधाओं जैसे कि स्टिपलिंग, हैचिंग, स्क्रिबलिंग आदि कलात्मक विधाओं के माध्यम से शहरी सुंदरता को कैन्वास पर उतारने का खूबसूरत प्रयास किया है। कुछ कलाकारो ने पोस्टर एड, कम्प्यूटर ग्राफिक, मैगजीन एड आदि के जरिए बेटी बचाओ, नारी शिक्षा, कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह, स्वच्छ अभियान जैसे गंभीर दिए हैं। कुछ कलाकारों ने इलस्ट्रेशन्स, कैरिकेचर आदि के जरिए हास्य रंग बिखेरने का प्रयास किया। अक्षिता पाराशर, प्रांजल महेश्वरी एवं प्रेक्षा गोल्छा द्वारा स्टोन कार्विंग, मेघा जैन का स्क्रैप मेटल से तैयार किया गुल्दस्ता देखने वालो के मन को छू गया। वहीं स्कल्पचर के ज़रिए रस्सी कूदती बच्ची का बचपन ने सभी के चेहरे पर मुस्कान ला दी।

DAINIK BHASKAR
10/02/2019

**आर्ट एग्जीबिशन :** जेकेके में आईआईएस यूनिवर्सिटी की ओर से हुई अभिव्यक्ति एग्जीबिशन की शुरुआत। 200 स्टूडेंट्स के आर्ट वर्क किया गया है प्रदर्शित

# माइकल एंजिलो से फेमस हुए टेम्प्रा आर्ट में बनाई शेखावाटी की हवेलियां

सिटी रिपोर्टर ▪ जयपुर

रंगों और ख्वाबों की मटमैली दुनिया और सिरा दिखा ख्वाबों की अठखेलियों का। कुछ इसी तरह ख्वाबों और कला की दुनिया रंगों के गुलदस्ते में सजी। मौका था आईआईएस यूनिवर्सिटी के विजुअल आर्ट्स डिपार्टमेंट की ओर से आयोजित की जा रही 19वीं आर्ट एग्जीबिशन अभिव्यक्ति का। इस मौके पर 200 स्टूडेंट्स के आर्ट वर्क को जेकेके में प्रदर्शित किया गया है। शनिवार से शुरू हुई एग्जीबिशन 12 फरवरी तक चलेगी।

## 20वीं सदी की शुरुआत में बंगाल स्कूल के आर्टिस्ट ने प्रचलित किया टेम्प्रा

स्टूडेंट्स ने रवींद्र नाथ टैगोर की कहानी 'चोखेर बाली' के किरदार चारुलता को प्रदर्शित किया है। वहीं फर्स्ट इयर के स्टूडेंट्स ने टेम्प्रा पेंटिंग्स में लैंडस्केप, शेखावाटी की हवेलियों, बंद दरवाजों और इंसानी चेहरों को कैनवास पर उकेरा है। पहले टेम्प्रा कपड़े और चट्टानों पर किया जाता था। अब यह वर्क कैनवास पर होने लगा है। गौरतलब है कि 16वीं सदी में माइकल एंजिलो ने इस आर्ट को पहचान दिलाई थी। आर्टिस्ट लियोनार्दो दा विंसी टेम्प्रा और ऑयल मीडियम से बने टेम्प्रा ग्रासा इस्तेमाल करने वाले शुरुआती आर्टिस्ट में से एक थे। 20वीं सदी की शुरुआत में बंगाल स्कूल के आर्टिस्ट ने इसे प्रचलित किया था। टेम्प्रा फ्रेस्को से इसलिए अलग है क्योंकि फ्रेस्को में एडहेसिव का इस्तेमाल नहीं होता।



आर्ट इंस्टॉलेशन में अनुराधा ने कपड़ों के टुकड़े चिपकाकर सिरेमिक से हाथनुमा पेड़ को दिखाया है, जिसपर रिसाइकल कपड़े से बने सतरंगी पंछी बैठे हैं।







टेम्प्रा पेंटिंग

# DAINIK NAVJYOTI

01/02/2019

# एक्टर हिमांशु हुए छात्राओं से रूबरू, साझा किए अनुभव



नव एक्सप्रेस

विचारों की स्पष्टता ही एकमात्र साधन है जिसके जरिए जीवन में सफलता मिल सकती है। शिद्दत, तपस्या, मेहनत, सकारात्मकता, आत्म अनुशासन आदि भी व्यक्ति की जिन्दगी में महत्व रखते हैं परन्तु स्पष्ट विचार ही इंसान को उसके असली मुकाम तक पहुंचा सकते हैं यह कहना था टेलीविजन एवं बॉलीवुड एक्टर हिमांशु मल्होत्रा का। उन्होंने ये बात आईआईएस (डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय) की ओर से गुरुवार को आईआईआईएम ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में कही। हिमांशु मल्होत्रा ने अपनी जिन्दगी से जुड़े अनुभव को युवाओं से साझा करते हुए बताया कि अद्वितीय क्षमता को पहचानने में तथा सफलता के सौपान चढ़ने में उनकी मदद करते है। इसी पहल को ध्यान में रखते हुए हिमांशु विश्वविद्यालय की छात्राओं से रूबरू हुए एवं जीवन के पहलुओं पर अपने विचार रखे।

हिमांशु ने बताया कि किसी भी व्यक्ति की एकाग्रता मात्र 08 सेकेंड है जो कि गोल्ड फिश की याददाश्त से भी एक सेकेंड कम है। हिमांशु ने सोच में स्पष्टता किस तरह लाई जा सकती है इस पर चर्चा करते हुए बताया कि विचारों में स्पष्टता वृत्ति (इंस्टिंक्ट) का पालन करने से आती है क्योंकि कोई भी निर्णय लेने में अपने करीबी व माता-पिता गलत हो सकते हैं। हिमांशु ने बताया कि उनकी पत्नी ने उन्हें शेयर एंड ग्रो इनिशियेटिव के लिए प्रेरित किया जिसके जरिए वो अपने विचारों के आदान-प्रदान से दूसरों को विकसित करने का प्रयास करते हैं।

# DAILY NEWS

**30/01/2019**

फैशन शो क्रिएशन्स-2019 का आयोजन

## डिजाइनर कलेक्शन से किया नारी शक्ति को सलाम

**डेली न्यूज, mix रिपोर्टर**



जयपुर। आईआईएस यूनिवर्सिटी में मंगलवार को आयोजित दसवें वार्षिक फैशन शो 'क्रिएशन्स 2019' में कॉलेज की डिजाइनर्स गर्ल्स ने अपने कलेक्शन में नारीत्व की शक्ति को सलाम किया। डिजाइनर्स ने मां दुर्गा के लाल, मां लक्ष्मी के गुलाबी, मां काली का काला एवं मां सरस्वती का पीला रंग इस्तेमाल कर अपना कलेक्शन तैयार किया है, इसके जरिए वीरता एवं कृपा का खूबसूरत संगम दर्शाते हुए महिला की सम्पूर्णता को परिभाषित किया है।

विभिन्न थीम्स पर आधारित रंगों एवं डिजाइनों से सजे इस फैशन शो में 10 थीमों पर 34 डिजाइनर गर्ल्स ने अपना कलेक्शन पेश किया, जिन्हें 41 मॉडल गर्ल्स ने इन आउटफिट्स को पहनकर रैम्प वॉक किया। इस दौरान गर्ल्स ने 'जल ही जीवन है' के महत्व को भी समझाया। गर्ल्स ने अपने कलेक्शन जैजी रेडियंस के जरिए एलजीबीटीक्यू का समर्थन किया। उन्होंने एलजीबीटीक्यू झंडे के सभी छह रंगों पीला, हरा, बैंगनी, नारंगी, लाल एवं हरे का इस्तेमाल कर कलेक्शन तैयार किया, इसके जरिए उन्होंने समानता का संदेश दिया। राजस्थान की संस्कृति की पहचान शहर जयपुर, जोधपुर, जैसलमेर एवं उदयपुर से प्रेरणा लेते हुए डिजाइनर्स ने अपना कलेक्शन डाउनटाउन चिक पेश किया है। इस लाउड स्ट्रीट कलेक्शन में डिजाइनर्स ने प्योर क्रेप, टाफेटा, सिल्क एवं ग्लेज कॉटन फैब्रिक पर मार्बलिंग टेक्नीक का इस्तेमाल किया है। डिजाइनर्स ने लूज ट्राउजर्स, स्कर्ट्स आदि को बैगी शर्ट्स, लॉन्ग जैकेट्स के साथ टीमअप कर फंकी स्ट्रीट आर्ट दर्शाने की कोशिश है।

**RAJASTHAN PATRIKA**
**23/01/2019**

# कैम्प में यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम का हुआ आयोजन



पत्रिका PLUS रिपोर्टर

जयपुर ◆ रोटरी यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के डिस्कवर इंडिया इंटरनेशनल यूथ कैम्प के तहत सोमवार को विभिन्न देशों से 15 सदस्यीय टीम मानसरोवर स्थित आई आई एस में पहुंची। फ्रांस, रोमानिया, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड्स, लात्विया, बेल्जियम, डेनमार्क सहित 08 देशों से जयपुर पहुंची। विश्वविद्यालय की रेक्टर व रजिस्ट्रार डॉ. राखी गुप्ता ने बताया कि भारतीय शिक्षा व्यवस्था एवं संस्कृति से रूबरू करवाने के मकसद से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें राजस्थान एवं गुजरात की लोक संस्कृति एवं लोक गीत से परिचित करवाया। विदेशी स्टूडेंट्स ने विश्वविद्यालय की छात्राओं के साथ ताल से ताल मिला कर नृत्य किया। कार्यक्रम के अंत में पारम्परिक टाई एंड डाई कला की बारीकियां भी सिखाई गई, जो काफी रोचक थी।

DAINIK NAVJYOTI
17/01/2019



# किसी भी गाने पर कथक डांस करने से कथक की शुद्धता हो रही है भंग

Nav Xpress

शब्दों का शोर तो एक तमाशा है मौन ही नृत्य की सही परिभाषा है। छात्राओं के बीच उनसे रूबरू होते हुए पं. दीपक महाराज ने इन्हीं शब्दों के जरिए कथक को परिभाषित किया। मौका था आई आई एस (डीम्ड टु बी विश्वविद्यालय) की ओर से इंटरनेशनल स्कूल ऑफ इंफॉर्मेटिक्स एंड मैनेजमेंट, टेक्निकल कैम्पस में बुधवार को आयोजित स्पिक मैके कार्यक्रम का। जहां पं. दीपक महाराज ने अपने कथक की प्रस्तुति दी। पं.दीपक का कहना था कि कथक के स्तर को अगर किसी ने ऊंचा किया है तो वों हैं उनके पिता व गुरू पंडित बिरजु महाराज। छात्रा के पूछे गए एक सवाल के जवाब में पं. दीपक महाराज ने कहा कि आज के युग में जिस तरह से किसी भी गाने पर कथक डांस हो रहा है वे उसके सख्त खिलाफ हैं। उनका मानना है कि ऐसे में कथक की शुद्धता भंग होती है। इन्होंने अपने पिता बिरजु महाराज का उदाहरण देते हुए कहा कि जब भी उन्हें कोई बॉलीवुड फिल्म ऑफर होती थी तो वो उसके सीन, एक्ट्रेस की वेशभूषा के बारे में अवश्य पूछते थे और यही कारण है कि बॉलीवुड में उनके काम की आज भी कद्र होती है चाहे वो देवदास का ढ़ाई शाम रोक लई हो या फिर बाजीराव मस्तानी का मोहे रंग दो लाल हो। स्पिक मैके की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य आज के युवा वर्ग को भारतीय पारम्परिक संगीत, नृत्य व संस्कृति से उसके मूल रूप में परिचित कराना है।

# DAILY NEWS
## 11/1/2019

### अवॉर्ड सेरेमनी के साथ कॉसमॉस-2019 का समापन

# फेस और हैंड पेंटिंग में दिखे क्रिएटिविटी के रंग

डेली न्यूज, mix रिपोर्टर

जयपुर। आईआईएस यूनिवर्सिटी में चल रहे एनुअल कल्चरल फेस्ट 'कॉसमॉस-2019' का गुरुवार को समापन हुआ। चार दिवसीय फेस्ट में जयपुर के 20 कॉलेजों और यूनिवर्सिटी के करीब 200 स्टूडेंट्स ने पार्टिसिपेट किया। फेस्ट के अंतिम दिन भी कई रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इंटर इंस्टीट्यूशन फेस पेंटिंग कॉम्पिटिशन में राजस्थान यूनिवर्सिटी से लीलाधर एवं भावना तथा स्टैनी मेमोरियल पीजी कॉलेज से सपना सैनी एवं अजय कुमार बिलौनिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजस्थान यूनिवर्सिटी से मृदुला स्वामी, रिद्धि इंदोरिया, दीक्षा गुप्ता एवं हर्षिता शर्मा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, वहीं महारानी कॉलेज से अंजली चौधरी, ऋतिका जांगिड़, ऋतु महावर एवं मोनिका सैन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इंटर इंस्टीट्यूशनल सिंगिंग कॉम्पटिशन में अग्रवाल पीजी कॉलेज से प्रियेश शर्मा ने फर्स्ट पोजिशन हासिल की, वहीं आईआईएस यूनिवर्सिटी से अर्चिता शर्मा सैकंड पोजिशन की दावेदार रहीं। पोद्दार इंटरनेशनल कॉलेज से धीरज ढींगरा एवं सिलास इंस्टीट्यूट से रजत कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया। फेस्ट के अंतिम दिन पिछले चार दिनों में आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. अशोक गुप्ता एवं रेक्टर व रजिस्ट्रार डॉ. राखी गुप्ता ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुद्रा-ग्रुप डांस कॉम्पटिशन में कृति कंवर एवं ग्रुप को प्रथम स्थान मिला, वहीं निहारिका जोशी एवं ग्रुप की क्लासिकल परफॉर्मेंस के लिए द्वितीय एवं अमिशा कुमावत एवं ग्रुप को तृतीय स्थान दिया गया। हैंड पेंटिंग प्रतियोगिता में ऋचा माहेश्वरी, राधा चौधरी, जह्नावी कुमावत एवं प्रियंका चौधरी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, वहीं मोनिका चौधरी एवं कृतिका भैर को द्वितीय एवं सीमा गुप्ता एवं सुरभि टांक को तृतीय स्थान मिला।







**SAMACHAR JAGAT**
**09/01/2019**

# फिल्म मेकिंग कला का किया प्रदर्शन

## 'विविधा 2019' द मीडिया फेस्ट सम्पन्न



जयपुर (कासं)। आईआईएस (डीम्ड टु बी यूनिवर्सिटी) के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय समारोह विविधा 2019 - दी मीडिया फेस्ट का मंगलवार को समापन हुआ। फिल्म फेस्टिवल में प्रतिभागियों ने फिल्म मेकिंग कला का प्रदर्शन करते हुए रोचक एवं गम्भीर विषयों पर-फिल्में बनाई। इस फिल्म फेस्टिवल में 23 फिल्में शोकेस की गई। वहीं फिक्शन कैटेगरी में महिलाओं के सशक्तिकरण पर आधारित फिल्म युनिवर्सल रिसाइड्स ने का प्रदर्शन किया। इसी के साथ फोटोग्राफी कॉम्पिटीशन, आर जे हंट प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता, कॉसमॉस आईआईएसयु दसवां वार्षिक फेस्ट का आगाज किया गया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय की छात्राओं ने घूमर, नमोहिनी, ईलाही, भरे मोरे नैना, मधुबन में राधिका नाचे रे, जैसे गानों पर सोलो एवं ट्रायो डांस प्रस्तुति से ऑडियंस का मन मोह लिया। मीडिया फेस्ट विविधा के समापन के साथ ही मुद्रा-सेमी क्लासिकल डांस कॉम्पीटीशन से कॉसमॉस आईआईएसयू का दसवां वार्षिक फेस्ट का आगाज हुआ।

**RAJASTHAN PATRIKA**
**09/01/2019**

फिल्म फेस्टिवल में 23 फिल्में कीं शोकेस

# मीडिया फेस्ट में दिखा उत्साह

पत्रिका PLUS रिपोर्टर



जयपुर ◆ द आइआइएस (डीम्ड टु बी युनिवर्सिटी) के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय समारोह विविधा 2019 - दी मीडिया फेस्ट का मंगलवार को समापन हुआ। फेस्ट के दूसरे दिन आयोजित द फाइनल कट - फिल्म फेस्टिवल में प्रतिभागियों ने फिल्म मेकिंग कला का प्रदर्शन करते हुए रोचक एवं गम्भीर विषयों पर फिल्में बनाईं। इस फिल्म फेस्टिवल में 23 फिल्में शोकेस की गईं। फेस्ट में फोटोग्राफी कॉम्पिटीशन, आर जे हंट व नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश व विदेश के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

मीडिया फेस्ट विविधा के समापन के साथ ही मुद्रा सेमी क्लासिकल डांस कॉम्पिटीशन से कॉसमॉस का दसवां वार्षिक फेस्ट शुय हुआ। प्रतियोगिता में मनीषा गुल्यानी, नेहा श्रीवास्तव एवं शीतल राठौड जज रहीं। छात्राओं ने घूमर, मनमोहिनी, ईलाही, भरे मोरे नैना, मधुबन में राधिका नाचे रे, जैसे गानों पर सोलो एवं ट्रायो डांस प्रस्तुति से मन मोहा।

RAJASTHAN PATRIKA
13/12/2018

### सेंट्रल युनिवर्सिटी, अजमेर ने जेएनयू विश्वविद्यालय को 25-14, 25-17 से हराया

# वेस्ट जोन इंटर-यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल टूर्नामेंट शुरू

**जयपुर** ◆ आइआइएस (डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय), जयपुर एवं एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटिज, नई दिल्ली के स्पोर्ट्स बोर्ड की ओर से आयोजित वेस्ट ज़ोन इंटर-यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल (वुमन) टूर्नामेंट 2018-19 का बुधवार को आगाज़ हुआ। टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि रामअवतार सिंह जाखड़, सेक्रेटरी जनरल, वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया रहे। इस टूर्नामेंट में राजस्थान समेत महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश एवं गोवा राज्यों से 53 विश्वविद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया है। इस टूर्नामेंट में मैच विश्वविद्यालय ग्राउंड के साथ-साथ एसएमएस स्टेडियम में भी खेले जा रहे हैं।

टूर्नामेंट के प्रथम दिन 23 मैच खेले खेले गए। सुबह की पारी में 13 मैच खेले गए वहीं शाम की पारी में 10 मैच खेले गए।



## खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा

टूर्नामेंट के प्रथम दिन बेस्ट ऑफ थ्री के हिसाब से विजेता टीम की घोषणा की गई। बुधवार को पहला मैच वीएनएस गुजरात विश्वविद्यालय एवं एस जी गुरु विश्वविद्यालय, गोधरा के बीच एसएमएस स्टेडियम में खेला गया। जिसमें वीएनएस गुजरात ने 25-11, 25-19 से एस जी गुरु विश्वविद्यालय को करारी शिकस्त दी। एमजीएस विश्वविद्यालय, बीकानेर एवं सौराष्ट्र विश्वविद्यालय, राजकोट में सौराष्ट्र विश्वविद्यालय ने पहला सेट 25-11 से जीता वहीं दूसरे सेट में एमजीएस विश्वविद्यालय ने खेल में वापसी करने की कोशिश की लेकिन 29-27 से हार का सामना करना पड़ा। आरजीपी विश्वविद्यालय, भोपाल एवं जीटी विश्वविद्यालय, गुज़रात के बीच मैच में जीटी विश्वविद्यालय ने 25-10, 25-23 से आरजीपी विश्वविद्यालय को हरा दिया।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय वल्लभ विद्यानगर ने 25-23, 25-14 से बनस्थली विद्यापीठ को करारी हार दी। चरोतर विश्वविद्यालय, तांटिया विश्वविद्यालय, गंगानगर एवं गणपत विश्वविद्यालय, गुजरात की टीमों के न आने की वजह से महर्षि अरविंद विश्वविद्यालय, डॉ बीएएम विश्वविद्यालय, औरंगाबाद एवं स्वर्णिम विश्वविद्यालय, गांधीनगर, को वॉक,ओवर मिल गया।

# DAINIK BHASKAR

## 07/07/2018

### तीन दिवसीय ओरियंटेशन कार्यक्रम शुरू

सिटी रिपोर्टर | आईआईएस यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय ओरियंटेशन कार्यक्रम 'अभिनंदन- 2018' की शुरुआत इंटरनेशनल स्कूल ऑडिटोरियम में हुई। न्यू कमर्स का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। शुक्रवार को बीए, बीएससी एवं बीवीए में प्रवेशित छात्राओं का ओरिएंटेशन किया गया। बीकॉम, बीकॉम प्रोफेशनल, बीएससी जूलरी डिजाइनिंग आदि कक्षाओं की प्रवेशित छात्राओं का ओरिएंटेशन शनिवार को होगा।



# DAILY NEWS
# 07/07/2018

## तिलक लगाकर किया गर्ल्स का वेलकम

डेली न्यूज, mix रिपोर्टर जयपुर। आईआईएस यूनिवर्सिटी की ओर से यूजी में एडमिशन लेने वाली स्टूडेंट्स के लिए तीन दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम अभिनंदन 2018 की शुरुआत शुक्रवार को हुई। इस मौके पर गर्ल्स का पारम्परिक तरीके से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के पहले चरण में चीफ प्रोटोकॉल ऑफिसर प्रो. शरद राठौड़ ने अभिभावकों को



यूनिवर्सिटी की कार्यप्रणाली, एंटी रैगिंग स्क्वॉड आदि से अवगत करवाया। साथ ही मेटाकैम्पस एवं अन्य गतिविधियों पर भी चर्चा की। इसके बाद यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. अशोक गुप्ता ने सभी स्टूडेंट्स का स्वागत करते हुए उन्हें विश्वविद्यालय के लक्ष्य, मिशन एवं विजन के बारे में जानकारी दी। अंत में गर्ल्स को यूनिवर्सिटी कैंपस का भ्रमण कराया गया और उनकी सभी प्रकार की जिज्ञासाओं एवं प्रश्नों का समाधान हैल्प डेस्क द्वारा किया गया।

**Bulletin Today**
**22/06/2018**

# आईआईएस विवि में योग कैंप आयोजित



**जयपुर।** द आईआईएस डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स बोर्ड, नेशनल सर्विस स्कीम एवं एनसीसी ने मिलकर अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर परिसर में योग कैंप का आयोजन किया। इस कैंप के अंतर्गत विश्वविद्यालय की योगा टीचर जानकी पारीख ने छात्राओं व शिक्षकों को न केवल योगा कराया, बल्कि उन्हें योगसे जुड़े शारीरिक व मानसिक लाभ से भी अवगत कराया। कार्यक्रम की शुरूआत योग प्रार्थना से हुई। तत्पश्चात योग शिक्षक ने उपस्थित सदस्यों को योग आसन व ध्यान केंद्रित करना सिखाया। जानकी पारीख ने ताड़ासन, वृक्षासान, अधोमुखी आसन, त्रिकोणासन, नौकासन, भुजंगासन, पश्चिमोत्तानासन आदि आसन सिखाए। इतना ही नहीं जानकी पारीख ने प्राणायाम व अनुलोम-विलोम को सही तरीके से करना भी सिखाया। योग दिवस के अवसर पर जानकी पारीख का कहना था कि योग में सिर्फ आसन ही शामिल नहीं हैं बल्कि योग आसन के साथ-साथ ध्यान, शारीरिक अनुशासन एवं भक्तिमय जाप का अनूठा संगम है।